**Request of national commission for Women**

1451. SHRI MATANG SING: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the National Commission for women have submitted any report on status of women; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF WOMEN AND CHILD DEVELOPMENT (SMT. BASAV RAJESHWARI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**Agreement with China on Technical Education**

1452. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) Whether Government have entered into any agreement with China on technical education; and

(b) if so what are the details of eucational bilateral cultural exchange programme under the said agreement with China?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) and (b) The Protocol on cooperation in the field of Education for 1992-1993 between India and People's Republic of China includes among other things, an item on technical education for development of academic collaboration between Universities and Technological Institutes in both the countries.

**हरियाणा में नवोदय विद्यालयों का खोला जाना**

1453. **श्री रामजी लाल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 28 फरवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार हरियाणा में जिले वार कुल कितने-कितने नवोदय विद्यालय हैं;

(ख) देश में नवोदय विद्यालय खोलने का क्या मानदंड है और क्या सरकार 1993-94 के वर्ष के दौरान इस राज्य में कुछ और नवोदय विद्यालय खोलने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह):** (क) आवश्यक सूचना संलग्न विवरण में दी गई है। **नीचे देखिए)**

(ख) से (घ) नवोदय विद्यालय खोलने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा 30 एकड़ की निःशुल्क उपर्युक्त भूमि की पेशकश के आधार पर तीन वर्ष के लिये एक नवोदय विद्यालय चलाने के लिये अस्थायी भवन की उपलब्धता, जो राज्य सरकार द्वारा किराये के बगैर उपलब्ध करायी जायेगी और इस प्रयोजनार्थ गठित एक निरीक्षण-दल की सिफारिशों पर लिया जाता है।

राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित सुविधायें उपलब्ध कराने और वित्तीय स्रोत उपलब्ध कराने पर नवोदय विद्यालय समिति प्रत्येक जिले में एक विद्यालय खोलना चाहती है। 1993-94 में स्वीकृत किये जाने वाले नये विद्यालयों के ब्यौरों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है।